हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 9 अगस्त 2025



12 चिल्ली झील के सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों का गोलमाल...





12 जलभराव से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार करे प्रबंध




**खबर संक्षेप**

### नहर से दो अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**टोहाना।** टोहाना के बलियावाला हेड के पास स्थित सिरसा ब्रांच नहर में शुक्रवार दोपहर दो अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सबसे पहले स्थानीय राहगीर ने नहर में शवों को देखा, जिसने तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची र स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सहारा रेस्क्यू टीम को बुलाया गया।

### धान फर्जीवाड़ा मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** करोड़ों रुपये के धान फर्जीवाड़ा प्रकरण में इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भूपिंदर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी बुर्ज, सुखदेव पुत्र शार्दुल सिंह निवासी रत्ताखेड़ा, बलिहार सिंह पुत्र सुदेव सिंह निवासी रतिया और केवल सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी नन्हेड़ी के रूप में हुई है।

### जोहड़ में डूबने से युवक की मौत

**चोपटा।** सिरसा जिला के गांव जमाल में भैंसों को पानी पिलाने जोहड़ पर गए एक व्यक्ति की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक सुभाष अपने मां-बाप की इकलौती संतान था और अविवाहित था। युवक की मौत का समाचार सुनकर गांव में शोक की लहर छा गई है। जानकारी के अनुसार गांव जमाल निवासी सुभाष पुत्र भरत सिंह वीरवार शाम को अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए गांव के जोहड़ पर गया। देर शाम को भैंस पानी पीने के बाद घर पर चली गई, लेकिन सुभाष घर पर नहीं लौटा।

## धरे रह गए रोडवेज के सभी दावे, नहीं किए कोई विशेष प्रबंध

# राखी पर फ्री यात्रा के लिए बसों में उमड़ी महिलाओं की भीड़, नहीं चली स्पेशल बस

### प्राइवेट बसों में वसूला गया किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

रक्षाबंधन के मौके पर प्रदेश सरकार द्वारा बहनों के लिए फ्री बस यात्रा करने की घोषणा से शुक्रवार को जहां महिलाओं के चेहरे खिले हुए थे लेकिन दोपहर को 12 बजे जैसे ही रोडवेज की बसें आई तो यात्रियों की भीड़ देखकर महिलाओं के माथे पर परेशानी के बल आ गए। अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने मायके जाने वाली महिलाओं को मुफ्त यात्रा काफी परेशानी भरा पड़ा। बसों में भारी भीड़ और उमस ने महिलाओं को बेहाल कर दिया। दोपहर 12 बजते ही रोडवेज बसों में महिलाओं के लिए सफर मुफ्त हो गया। रक्षाबंधन पर भाईयों के पास पहुंचने की भागमभाग में बस स्टैंड पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि प्राइवेट बस संचालक पहले ही तरह आज भी महिलाओं से किराया वसूलते नजर आए, जिससे महिलाओं में काफी रोष पाया गया। प्राइवेट बसों में महिलाएं किराये को लेकर परिचालक से उलझती भी नजर आई। रोडवेज विभाग ने दावा किया कि महिलाओं के लिए 190 बसें चलाई गई हैं। जिले में फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो की सभी बसों को रूटों पर भेजा गया, मगर महिलाओं की संख्या के मुकाबले बसों की कमी ही रही। बसों में भीड़ के कारण सभी महिलाओं को सीट भी नहीं मिल पाई। ग्रामीण रूटों पर बस सेवा के लिए महिलाओं को लंबा इंतजार भी करना पड़ा। बता दें कि इस त्यौहार के मौके पर यात्रियों की खासी भीड़ को देखते हुए रोडवेज निर्धारित बसों के अलावा अतिरिक्त बसों को चलाता है। इस बार जिले के लिंक रूटों पर स्पैशल बसें चलाना तो दूर की बात, बड़े रूट पर एक भी स्पेशल बस नहीं चलाई गई। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार सुबह महिलाओं की भारी भीड़ से रोडवेज के इंतजार धरे रह सकते हैं।



फतेहाबाद। रोडवेज बस में चढ़ने के लिए उमड़ी भीड़। *फोटो : हरिभूमि*

### पूछताछ केंद्र के नंबर से लें टाइम टेबल की जानकारी

सरकार के आदेश के अनुसार शुक्रवार दोपहर 12 बजे से शनिवार रात्रि 12 बजे तक महिलाओं को मुफ्त सफर करवाने के लिए रोडवेज की सभी बसों को रूटों पर भेजा गया है। महिलाओं के साथ 15 साल तक के बच्चों को भी मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। रोडवेज द्वारा महिलाओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। महिलाओं को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएंगी। जहां ज्यादा सवारी होंगी, वहीं बसें भेजेंगे। फतेहाबाद के बस स्टैंड के पूछताछ केंद्र का नंबर 01667-220617 है। बसों के टाइम टेबल और रूटों को लेकर इन नंबरों पर कॉल करके यात्री जानकारी ले सकेंगे।

-सुभाष ढाण्ड, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज फतेहाबाद

### निःशुल्क बस सेवा आज मध्यरात्रि तक

राज्य सरकार द्वारा राखी पर हरियाणा रोडवेज की साधारण बसों में महिलाओं और बच्चों के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा 8 अगस्त दोपहर 12 बजे से लेकर 9 अगस्त की मध्यरात्रि 12 बजे तक हरियाणा राज्य सहित चंडीगढ़ और दिल्ली तक चलने वाली रोडवेज की साधारण बसों में उपलब्ध है।

-**मनदीप कौर**, डीसी फतेहाबाद





फतेहाबाद। बस स्टैण्ड पर बस का इंतजार करती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*



फतेहाबाद। राखियों की खरीदारी करती हुई महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

### रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

**फतेहाबाद।** रक्षाबंधन को लेकर शहर के बाजारों में आज खूब रौनक देखने को मिली। बाजारों में राखियों से सजी दुकानों पर महिलाएं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान महिलओं ने अपनी-अपनी पसंद की राखियां खरीदी। हालांकि बाजारों में करीब एक सप्ताह से राखियां से दुकानें सजी हुई हैं लेकिन दो दिन से राखियों की बिक्री में काफी इजाफा हुआ है।



टोहाना। बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते एसडीएम आकाश शर्मा।

**घग्घर में जलस्तर बढने से प्रशासन अलर्ट**

# एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया दौरा

- जलकुंभी सफाई एवं रिंग बांध को मजबूत करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पहाड़ों में हो रही बारिश के बाद घग्घर नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। शुक्रवार को गुहला चीका में जलस्तर 34755, खनौरी में 7400 व चांदपुरा में 5350 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। बता दें कि दो दिन पूर्व चांदपुरा में 3150 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया था। उधर, टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने शुक्रवार को रंगोई नाला, घग्गर और अन्य बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों का विस्तृत रूप से जायजा लिया और विभिन्न स्थानों पर रिंग बाँध की वर्तमान स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया। उन्होंने संबंधित विभागों को रिंग बाँध को मजबूत करने, कमजोर हिस्सों की तत्काल मरम्मत करने तथा नालों व किनारों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम आकाश शर्मा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ रंगोई नाला, घग्गर नदी और जोया नाला का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा से जुड़े सभी प्रबंध सुव्यवस्थित रूप से चल रहे हैं और संबंधित विभाग निरंतर कार्यरत हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग को जलकुंभी एवं गाद की नियमित सफाई के कार्य को जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि जल प्रवाह निर्बाध बना रहे।

### 8 अगस्त को गुहला चीका में जलस्तर बढ़कर 34,755 हुआ

29 जून को गुहलाचीका में सुबह 6 बजे 4620 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि शाम को यहां पानी का बहाव 3850 क्यूसिक पानी का बहाव था। जबकि चांदपुरा में सुबह 800 व शाम को 900 क्यूसिक पानी का बहाव था। एक जुलाई को गुहलाचीका में 23912 व चांदपुरा में 1300 क्यूसिक बहाव दर्ज किया गया। दो जुलाई को सुबह 6 बजे गुहलाचीका में 22176, खनौरी में 5800 व चांदपुरा में 3550 क्यूसिक पानी का बहाव था। दो जुलाई को शाम की रिपोर्ट के अनुसार गुहलाचीका में 20020, खनौरी में 6000 तो चांदपुरा में रिकार्ड स्तर 5350 क्यूसिक पानी का बहाव दर्ज किया गया था। इसके बाद घग्घर के जलस्तर में कमी आने लगी थी। अब पहाड़ों में फिर से बरसात व बादल फटने से घग्घर का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा है।




Scan the QR code to find the nearest Tanishq store
To locate your nearest store and know more +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply.
नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000



## भैजा दूज का पर्व

रक्षाबंधन की ही तरह भैया दूज का पर्व भी भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इसके पीछे प्रचलित मान्यता के अनुसार बहन की सेवा को देखकर यम बेहद खुश हुए और यमुना से कोई वर मांगने के लिए कहा। इसके बाद यमुना ने उनसे वचन लिया कि हर साल कार्तिक माह के शुक्ल द्वितीया तिथि पर वह मेरे घर आकर भोजन किया करें। यमराज ने भी उन्हें तथास्तु कहते हुए उन्हें तरह-तरह की भेंट भी दी। मान्यता के अनुसार, तभी से भाई दूज के पर्व को मनाने की शुरुआत हुई।

# भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व 'सलूमण'

**रक्षाबंधन पर्व की जन-मानस में लोकप्रियता के दृष्टिगत ही हरियाणा सरकार महिलाओं को अपने भाइयों को इस दिन रक्षासूत्र बांधने के लिए आवा-गमन हेतु मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराती है। राज्यों में अलग-अलग ढंग से रक्षाबंधन को मनाया जाता है**



पर्व

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



भारत उत्सवों का देश है। जहां हर अवसर पर हर परिस्थिति में जीवन को सकारात्मक दिशा देने के लिए कार्य करने की परम्परा रही है। यहां मनाया जाने वाला प्रत्येक त्योहार जन-मानस को नया सन्देश देता है। भारतीय त्योहारों की इसी श्रृंखला में श्रावण माह में मनाया जाने वाला पर्व है रक्षाबंधन। इसे श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन न केवल भारत बल्कि मॉरीशस, नेपाल और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों के साथ-साथ दुनिया भर में बसने वाले भारतवंशी भी पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं।

भारत की तरह नेपाल में रक्षाबंधन को जनेऊ पूर्णिमा के नाम से संबोधित किया जाता है। इस दिन घर के बड़े लोग अपने से छोटे लोगों के हाथों में एक पवित्र धागा बांधते हैं। राखी के अवसर पर यहां एक खास तरह का सूप पिया जाता है, जिसे कवाती कहा जाता है। इस अवसर पर बहनें अपना प्रेम रक्षा सूत्र के रूप में भाई की कलाई पर बांध कर प्रदर्शित करने के साथ उससे रक्षा का वचन लेती हैं। भाई इस अवसर पर कुछ उपहार देकर भविष्य में संकट की स्थिति में उसकी सहायता करने का वचन देते हैं।

भाई-बहन के पवित्र स्नेह का प्रतीक यह त्योहार भारत भर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश में इसे श्रावणी या सलूनो भी कहते हैं। श्रीकृष्ण की लीला स्थली ब्रज में सावन मास में हरियाली तीज यानि श्रावण शुक्ल तृतीया से श्रावणी पूर्णिमा तक यहां के मन्दिरों और घरों में ठाकुर जी को झूले में विराजित किया जाता है। ठाकुर जी यानी श्री कृष्ण का यह झूला-दर्शन श्रावणी पूर्णिमा अर्थात रक्षाबन्धन के दिन समाप्त होता है। उत्तरांचल में रक्षाबंधन को श्रावणी कहते हैं। इस दिन यजुर्वेदी द्विजों का उपनयन कर्म होता है। इस दिन उत्सर्जन, स्नान-विधि, ऋषि-तर्पणादि करके उनको नवीन यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है। इस दिन वृत्तिवान् ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन ही पूर्ण होती है। जबकि राजस्थान में इस दिन रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने की परंपरा है। रामराखी सामान्य राखी से थोड़ी-सी अलग होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है और यह भगवान को ही बांधी जाती है। वहीं चूड़ा राखी भाभियों की चूड़ियों में बांधी जाती है। जोधपुर में राखी के दिन दोपहर में पद्मसर और मिनकानाडी में गोबर, मिट्टी एवं भस्मी से स्नान कर शरीर को शुद्ध किया जाता है, फिर धर्म तथा वेदों के प्रवचनकर्त्ता अरुंधती, गणपति, दुर्गा, गोभिला तथा सप्तर्षियों के दर्भचट अर्थात पूजास्थल बनाकर मन्त्रोच्चारण के साथ उनकी पूजा की जाती है। इसके बाद उनका तर्पण किया जाता है ताकि पितृऋण चुकाया जा सके। फिर घर आकर हवन किया जाता है, वहीं पर रेशम के डोरे से राखी बनायी जाती है तथा उसको कच्चे दूध से अभिमन्त्रित किया जाता है। यह राखी भगवान को अर्पित करने के बाद ही भोजन किया जाता है। बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इस पूर्णिमा को कजरी पूर्णिमा के विशेष रूप में मनाने की रीत चली आ रही है। कजरी पूर्णिमा के दिन महिलाएं पेड़ के पत्तों के पात्रों में खेत से मिट्टी भरकर लाती हैं और उनमें जौ को बोया जाता है। जहां ये पात्र रखे जाते हैं, वहां पर चावल के घोल से चित्रकारी भी की जाती है। कजरी पूर्णिमा के दिन महिलाएं इन जौ को सिर पर रखकर जुलूस निकालती हैं और पास के किसी तालाब या नदी में इसे विसर्जित कर देती हैं। महिलाएं इस दिन उपवास रखकर अपने पुत्र व भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं। उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में रक्षाबंधन को झूलन पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण और राधा की पूजा की जाती है। साथ ही महिलाएं अपने भाइयों के अच्छे जीवन के लिए उनकी कलाइयों पर राखी बांधती हैं। देश के पूर्वी हिस्से ओडिशा में राखी को गमहा पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घर की गाय और बैलों को सजाते हैं और एक खास तरह का पकवान, जिसे मीठा और पीठा कहा जाता है, बनाते हैं। इस दिन राधा-कृष्ण की प्रतिमा को झूले पर बैठा कर झूलन यात्रा निकाली जाती है। इसी प्रकार गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा में राखी का त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से मनाया जाता है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। जल के देवता वरुण को प्रसन्न करने के लिये नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। नारियल की तीन आंखें होने से उसे शिव का प्रतीक माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की पूजा की जाती है। गुजरात के कुछ हिस्सों में रक्षाबंधन को पवित्रोपन के नाम से भी मनाया जाता है। वहीं दक्षिण भारतीय राज्यों जैसे तमिलनाडु तथा केरल के साथ ही देश के विभिन्न भागों में रहने वाले दक्षिण भारतीय ब्राह्मण इस पर्व को अवनि अवित्तम कहते हैं। इस दिन ये यज्ञोपवीतधारी ब्राह्मण नदी या समुद्र के तट पर स्नान करने के बाद ऋषियों का तर्पण करके नया यज्ञोपवीत धारण करते हैं। हरियाणा में भी समस्त उत्तर भारत की तरह ही भाई-बहन का यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इसे यहां सलूमण के नाम से मनाते हैं। सलूमण के त्योहार की जन-मानस में लोकप्रियता के दृष्टिगत ही हरियाणा सरकार महिलाओं को अपने भाईयों को इस दिन रक्षासूत्र बांधने के लिए आवा-गमन हेतु मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराती है। जिस तरह से अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग ढंग से रक्षाबंधन को मनाया जाता है उसी तरह से इस त्योहार को मनाने के पीछे भिन्न-भिन्न कहानियां प्रचलित हैं।

> रक्षाबंधन की सबसे अधिक प्रचलित मान्यता के अनुसार महाभारत के समय एक बार भगवान कृष्ण की अंगुली में चोट लग गई थी और उसमें से खून बहने लगा था। ये देखकर द्रौपदी जो कृष्ण जी की सखी भी थी, ने आंचल का पल्लू फाड़कर उनकी कटी अंगुली में बांध दिया। इसी दिन से रक्षासूत्र या राखी बांधने की परंपरा शुरू हुई।

### ये हैं प्रचलित मान्यताएं

रक्षाबंधन की सबसे अधिक प्रचलित मान्यता के अनुसार महाभारत के समय एक बार भगवान कृष्ण की अंगुली में चोट लग गई थी और उसमें से खून बहने लगा था। ये देखकर द्रौपदी जो कृष्ण जी की सखी भी थी, ने आंचल का पल्लू फाड़कर उनकी कटी अंगुली में बांध दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन से रक्षासूत्र या राखी बांधने की परंपरा शुरू हुई। जब द्रौपदी का चीरहरण किया जा रहा था, तब श्रीकृष्ण ने ही उनकी लाज बचाकर सबसे उनकी रक्षा की थी। राखी के सम्बन्ध में एक अन्य मान्यता प्रचलित है। जब महाभारत के युद्ध में युधिष्ठिर ने कृष्ण से पूछा कि मैं सारे दुखों से कैसे पार पा सकता हूं, तो कृष्ण कहते हैं कि तुम अपने सभी सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधो, इससे तुम्हारी विजय पक्की है। युधिष्ठिर ऐसा ही करते हैं और उन्हें विजय मिलती है। ये घटना श्रावण माह की पूर्णिमा को हुई थी, इसलिए इसे रक्षाबंधन के रूप में मनाया जाने लगा और इस दिन सैनिकों को राखी बांधी जाती है। इसी तरह से वामन अवतार से जुड़ी एक कथा के अनुसार राजा बलि बड़े दानी थे और भगवान विष्णु के भक्त थे। एक बार वे भगवान को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ कर रहे थे। अपने भक्त की परीक्षा लेने के लिए भगवान विष्णु एक ब्राह्मण का वेष धारण करके यज्ञ स्थल पर पहुंचे और राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा ने ब्राह्मण की मांग स्वीकार कर ली। ब्राह्मण ने पहले पग में पूरी भूमि और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। राजा बलि समझ गए कि भगवान उनकी परीक्षा ले रहे हैं, इसलिए उन्होंने फौरन ब्राह्मण का तीसरा पग अपने सिर पर रख लिया। उन्होंने कहा कि भगवान अब तो मेरा सबकुछ चला गया है, अब आप मेरी विनती स्वीकार करें और मेरे साथ पाताल में चलकर रहें। भगवान को राजा की बात माननी पड़ी। उधर, मां लक्ष्मी भगवान विष्णु के वापस न लौटने से चिंतित हो उठीं। उन्होंने एक निर्धन महिला का वेष बनाया और राजा बलि के पास पहुंचकर उन्हें राखी बांध दी। राखी के बदले राजा ने कुछ भी मांग लेने को कहा तो मां लक्ष्मी फौरन अपने असली रूप में आ गईं और राजा से अपने पति भगवान विष्णु को वापस लौटाने की मांग की। राखी का मान रखते हुए राजा ने भगवान विष्णु को मां लक्ष्मी के साथ वापस भेज दिया। रक्षाबंधन को लेकर इस प्रकार की और भी अनेक कथाएँ भारतीय लोकमानस में कही-सुनी जाती हैं। जिनमें भाई-बहन के प्रेम, रक्षासूत्र और भाई के द्वारा बहन की रक्षा करने संबंधी उल्लेख मिलता है। इस प्रकार की परम्पराएं निसंदेह समाज को नयी दिशा देती हैं और संबंधों में ऊर्जा का संचार करती हैं। आइए, हम सब संकल्प लें कि हम अपनी परम्पराओं को जीवित रखेंगे।

गीत

भूपसिंह भारती



## सामण

सामण का महीना, और तीजों का त्योहार।
तीज खेलरी सखियां सारी, कर सौला सिंगार।।

चली खेलणे, सखी सहेली,
संग चली सब, नई नवेली,
लाकै मीठी रेली, गावै गीत मल्हार।

पींघ घली, पेड़ों की डारी,
मचकावै ब्याही, और कुंवारी,
झूल झूलरी सारी, बारी बारी ये नार।

रूप रंग पै, चढ़ी जवानी,
सामण की या, रुत मस्तानी,
आग लगावै पानी, सीली बहै बयार।

लाड कोथली, घणी निराली,
शक्करपारे, और सुहाली,
भर भर बांटै थाली, इसा तीज त्यौहार।

तीज खेलकै, बिरवा बोवै,
झाड़ी म्ह ये, गिण गिण पोवै,
रेतां म्ह बी ल्हकोवै, बेटां खातर भंडार।

चोगरदे ये, हुई हरियाली,
घर घर म्ह, आई खुशहाली,
बजा 'भारती' ताली, रिमझिम पड़े फुहार।

कविता

महेन्द्र सिंह बिलोटिया



## प्रकृति प्रेम

ब्रम्हा जी लगे रचन सृष्टि चारों तरफ निहारें
प्रकृति प्रेम बणावण खातर व मानस पुत्र तारे

ब्रम्हा जी न प्रकाश फला कै पुत्र दस पायें थे
भगती में लौ लीन हुए सब न ही यश पायें थे
ब्रम्हा जी लिये देख दक्ष न चिन्ता बस पायें थे
ब्रम्हा जी गये समझ व गुण दक्ष मै ही पायें थे
प्रजापति दक्ष बणा दिया व रहे देखते सारे
प्रकृति प्रेम बणावण खातर व मानस पुत्र तारे

ब्रम्हा विष्णु शिवजी तीनों नेअपने कर्म सम्भाले
एक उत्पति एक पोषक एक संहार करने वाले
वंश बेल की कामवासना [illegible] पुर दिये थे जाले
ब्रम्हा जी न ब्रम्हाण्ड सौंप दिया था दक्ष हवाले
देवताओं के राजा बणे व दक्ष ब्रम्हा के प्यारे
प्रकृति प्रेम बणावण खातर व मानस पुत्र तारे

सवमभू मनु की दो पुत्री राजा दक्ष न परणाई
एक रानी न चौबीस कन्या अपने गर्भ से जाई
दुजी रानी न सुहाग भाग से साठ कन्या पाई
चौरासी पुत्री हुई दक्ष कै सती शिव न बयाही
सती शिव की शादी में बाजै तीन लोक नगारे
प्रकृति प्रेम बणावण खातर व मानस पुत्र तारे

कनखल में फेर दक्ष न एक महायज्ञ कराया
उस यज्ञ में भाग लेण न सभी देवता आया
शिव जी से थे रुष्ट दक्ष ना शिव सती बुलाया
महेन्द्र सिंह बिलोट बैठा जिसने भेद बताया
हवन मै जल सती मरी थी समिधा बणी अंगारे
प्रकृति प्रेम बणावण खातर व मानस पुत्र तारे

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

प्रतिभा

**घुड़सवार दल का कमान्डर होने के बावजूद स्कीनर ने 1803 में दिल्ली में अंग्रेज सेना से लड़ने से कर दिया था मना**

# हांसी का जागीरदार था कर्नल जेम्स स्कीनर



इतिहास

यशपाल गुलिया

अति प्रेरणादायक हस्ती जेम्स स्कीनर अंग्रेज अधिकारी तथा भारतीय माता का पुत्र था। कलकता में 1778 में जन्म लेने वाला जेम्स युवावस्था में पिता की इच्छा के विपरीत अपने शिक्षा संस्थान से भाग गया था। तब उसके पास मात्र 25 पैसे जेब में थे।


कुछ दिनों तक कलकता में भटकने के बाद जेम्स मराठा सेना में भरती हो गया। वहां फ्रांसीसी कमान्डर जनरल पैरो के नेतृत्व में विभिन्न युद्धों में भाग लेना पड़ा, जैसे 1796 में बुन्देलखण्ड का युद्ध, चान्दखोरी का युद्ध, मालपुरा में जयपुर राजा के विरुद्ध युद्ध, 1799 में रामपाल राजपूत के विरुद्ध युद्ध आदि। अपने युद्ध कौशल के कारण पैरो ने स्कीनर को एक घुड़सवार दल का कमान्डर बना दिया। लेकिन जनवरी वर्ष 1800 में स्कीनर के पैर में उनियारा युद्ध में गोली लग जाने से उसको पूरी रात घायलों के बीच पड़े रहना पड़ा था। वहीं पर स्कीनर ने ये वादा किया था कि अगर मैं जिन्दा बच गया तो एक चर्च अवश्य बनवाऊंगा। उसने कुछ वर्षों बाद वादे अनुसार दिल्ली के कश्मीरी गेट के पास चर्च को बनवाया। मराठा सेना में एक घुड़सवार दल का कमान्डर होने के बावजूद उसने 1803 में दिल्ली में अंग्रेज सेना से लड़ने से मना कर दिया। फिर कुछ अन्य साथियों के साथ लार्ड लेक की अंग्रेज सेना में शामिल हो गया।

अंग्रेज सेना में जाने के बाद भी स्कीनर को लगातार युद्धों में भाग लेना पड़ा, जैसे मुकन्दरा पास युद्ध, पिन्डारियों के विरुद्ध व भरतपुर युद्ध आदि। तब अंग्रेजों ने स्कीनर को कर्नल तो पदोन्नत किया ही बल्कि उसका रुतबा काफी बढ़ाया। वर्ष 1809 में उसको एक बडे घुड़सवार दल का कमान्डर बनाकर हांसी (हरियाणा) में नियुक्त कर दिया। उसी काल में हांसी में अंग्रेजों ने कैवलरी कैन्ट भी बना दिया था। कुछ समय बाद रेजिडेंट सिटन के अनुरोध से कर्नल जेम्स स्कीनर को हांसी क्षेत्र जागीर के तौर पर प्रदान किया गया। उसके बाद स्कीनर अत्यधिक सम्पन्न हो गया तथा उसके अंग्रेज उच्च अधिकारियों से सीधे सम्बन्ध बनने लगे।

विलियम फ्रेजर और मेवात के नवाब अहमद बक्स से मिलकर उन्होंने हांसी से ही घोड़ों का व्यापार किया। तब स्कीनर ने दिल्ली में एक भव्य कोठी तथा विशाल चर्च का निर्माण करवाया। अति प्रतिभावान स्कीनर ने 1825 में दो ग्रन्थ फारसी भाषा में लिखे थे जो तत्कालीन शासकों एवं विभिन्न जातियों के बारे में हैं। स्कीनर के योगदान से ही 1815 में हिसार में अंग्रेजों ने घोड़ा फार्म स्थापित किया था।

स्कीनर के ग्रन्थों का नाम तजकीरत अल उमरा तथा तसरीह अल अकवाम है जो लन्दन स्थित ब्रिटिश लाइब्रेरी में ही उपलब्ध है। स्कीनर की कई पत्नियां थी, जो सभी भारतीय थी। उनमे से दो के तो हांसी के चार कुतुब में मकबरे भी हैं। भारतीय सेना में भी स्कीनर्स होर्स नाम से एक रिसाला बनाया गया था। उस अद्भुत हस्ती कर्नल जेम्स स्कीनर का 63 वर्ष की आयु में 4 दिसम्बर 1841 को स्वर्गवास हो गया तथा उसको दिल्ली स्थित चर्च परिसर में फ्रेजर की कब्र के साथ दफन कर दिया गया।





हांसी में स्थित कर्नल जेम्स स्कीनर की कोठी का बाहरी दृश्य तथा दाएं उनकी बेगम का मकबरा। इस मकबरे पर फारसी में शिलालेख भी लिखा हुआ है।

# समाज को संस्कृति से जोड़ने में लोक कला अहम : केलापति

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणवी लेखक व कलाकार अपनी अलग-अलग विधाओं में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कलाओं के हुनर बिखेरकर हरियाणवी संस्कृति को पहचान देते आ रहे हैं। ऐसी ही हरियाणवी कलाकार ने अपने हिंदी और हरियाणवी भाषा में गीतों, कविताओं और भजनों का लेखन करने के साथ अपनी गायन कला और अभिनय के माध्यम से बड़ी पहचान बनाई है। एक शिक्षिका, समाजसेवी, अभिनेत्री और गायक कलाकार केलापति राहीवाल ने हरिभूमि संवाददाता से अपनी लोक कला के सफर को लेकर कई ऐसे पहलुओं को सामने रखा, जिसमें लोक कला का समाज को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के प्रति नई दिशा देने में अहम योगदान है।

हरियाणवी लोक कलाकार केलापति राहीवाल का जन्म 01 फरवरी 1962 को हिसार जिले के गांव सरसौद में एक छोटे से किसान परिवार में फकर सिंह व रूकमण देवी के यहां हुआ। उनके पिता खेती-बाड़ी व पशुपालन का काम करते थे। उनकी माता को संगीत व नृत्य के प्रति बहुत लगाव था। हमेशा ही वह सुबह जब सुबह हाथ वाली चक्की से आटा पीसती थी, तो सुंदर गीत और भजन गाती रहती थी। वहीं उस जमाने में गांवों में सभी मौहल्ले और आस पड़ोस की औरतें कुंए से पानी भरने के लिए जाती थी, तब भी उनकी माता गीत गाते हुए चलती थी और वह भी उनके पीछे कुएं पर पहुंच जाती थी, जिसका असर पड़ना स्वाभाविक था। मसलन उन्हें गीत-संगीत की कला मां से विरासत में मिली, तो इसी कारण बचपन से ही उन्हें भी कला संगीत में अभिरुचि पैदा हुई। यही कारण था कि इन्होंने स्कूली शिक्षा के दौरान चौथी कक्षा से ही शनिवार की बालसभा में कविता, गीत और भजन सुनाना भी शुरू कर दिया था। पढ़ाई में भी वह अव्वल रहीं, जिसके कारण शिक्षकगणों का आशीर्वाद मिला और वह भी अपने मन में अध्यापकों के प्रति बहुत मान सम्मान रखती थी। बकौल केलापति, उन्होंने एमए (हिंदी) स्नातकोत्तर की उच्च शिक्षा हासिल करने के साथ डीएड, प्रभाकर और स्नातकोत्तर शिक्षा कार्यक्रम (पीआरईपी-एनएम) भी किया है। इसके बाद उनकी छह अप्रैल 1988 को हरियाणा शिक्षा विभाग में एक शिक्षक के रूप में नौकरी लग गई। करीब 32 साल तक अध्यापन कार्य करने के बाद 31 जनवरी 2020 में सेवानिवृत्त हुई। शिक्षिका की नौकरी के दौरान उन्होंने जहां अध्यापन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनिंग जैसे शिक्षण कार्य की हरेक गतिविधि में बढ़चढ़कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया, वहीं उन्होंने जनहित के कार्यक्रमों पोलियो अभियान, जनगणना आदि में भी अपना योगदान दिया है।

सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने लोक कला के क्षेत्र में विभिन्न विधाओं के साथ सक्रिय होकर अपनी भूमिका को आगे बढ़ाने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। दूसरी ओर परिवार में केलापति की जिम्मेदारी बेहद अहम रही, क्योंकि वह अविवाहित हैं और अपने परिवार के साथ ही रहती हैं। उनका परिवार वर्तमान में हिसार में रहता है।





### पुरस्कार और सम्मान

महिला लोक कलाकार केलापति को हाइफा की प्रतियोगिताओं के गीत कॉम्पिटिशन में दो बार प्रथम, एक बार द्वितीय और हाल ही सात्वनां पुरस्कार हासिल किया है। फिल्म अभिनेता और निर्देशक यशपाल शर्मा ने उनकी गायन शैली से प्रभावित होकर उन्हें बहुत मान सम्मान के साथ लेडी लखमीचंद के नाम दिया है। केलापति को अध्यापन कार्य के दौरान भी राज्य, जिला और खंड स्तर पर अनेक पुरस्कार व सम्मान मिले हैं।

### अभिनय के रूप में छोड़ी छाप

केलापति राहीवाल ने स्कूल और कॉलेज में शैक्षिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक मंचों पर भी गीत और भाषण तथा अभिनय के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन किया, उन्होंने अधिकांश फिल्मों व वेब सीरीज में दादी का किरदार निभाया है। उनकी विभिन्न विधाओं में कला को हरियाणवी फिल्मों और वेब सीरीज में भी बेहद पसंद किया जाता है। इन्होंने हरियाणवी फिल्म घूंघट, हरियाणा, हरियाणा की बेटी, मां, हरियाणा केसरी, मुआवजा, काला कौन है जैसी फिल्मों में अभिनय के साथ गायन भी निभाया। खुशमिजाज मजाकिया स्वाभाव की कलाकार होने के नाते शूटिंग और सैट पर पूरी टीम उन्हें भरपूर मान-सम्मान देती है। वहीं उनके यूट्यूब चैनल पर खुद के लिखे और गाये गये गीत और भजन भी प्रचलित हैं, जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है।

### आधुनिक युग में चुनौती

लोक कलाकार केलापति राहीवाल का कहना है कि आजकल की युवा पीढ़ी को हरियाणवी संस्कृति के प्रति प्रोत्साहन देने की जरूरत है, क्योंकि पाश्चात्य संस्कृति का दुष्प्रभाव हमारी भारतीय संस्कृति को दूषित कर रहा है। युवा पीढ़ी को सरकारी स्तर और स्कूल व कॉलेज में सांस्कृतिक रूप से प्रोत्साहन देने की जरूरत है, ताकि उनके भविष्य को सुधारकर उन्हें अपनी संस्कृति और सभ्यता और परंपरा से जोड़ा जा सके।

## खबर संक्षेप

### माइनर ओवरफ्लो से संकट, किसान परेशान

डिंग। न्यू मोचीवाली माइनर के निर्माण के बाद सिंचाई व्यवस्था गड़बड़ा गई है। मेजर नहर के पास माइनर ओवरफ्लो हो गया। वहीं, पुरानी टेल के पास पानी की कमी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि माइनर का लेवल ठीक से निर्धारित नहीं किया गया, जिसके चलते पानी पीछे भर गया और टेल तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच रहा।

### सिरसा में कृषि मंत्री फहराएंगे तिरंगा

सिरसा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### महिला कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डॉ. सज्जन सेलवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र का आगाज इंडक्शन मीट के आयोजन से किया गया। महाविद्यालय में प्रथम वर्ष की छात्राओं का स्वागत स्वागत गीत के माध्यम से किया गया।

### एडीआर सेंटर में स्वास्थ्य कैंप व कार्यशाला आयोजित

सिरसा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 'सम्मान से जीवन अधिकार संरक्षण' के तहत एडीआर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यशाला और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में 87 वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस कार्यशाला में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा आदि मौजूद रहे।

### शहर को पशुमुक्त करे जिला प्रशासनः वर्मा

सिरसा। जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने शहर में आवारा पशुओं के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं पर खासी चिंता जाहिर की है। जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि शहर की सडक़ों पर सैकड़ों की संख्या में गाए व नंदी घूम रहे हैं जिसका संज्ञान जिला प्रशासन को लेना चाहिए।

### एंटी-रैगिंग स्क्वॉड के सदस्यों की हुई बैठक

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में एंटी-रैगिंग स्क्वॉड के सदस्यों की बैठक नोडल अधिकारी, एंटी-रैगिंग कंपलेन प्रो. उमेद सिंह की अध्यक्षता में कुलसचिव कार्यालय के कमेटी रूम में आयोजित हुई। एंटी-रैगिंग स्क्वॉड का उद्देश्य विश्वविद्यालय में किसी भी तरह की रैगिंग की घटना को रोकना है।

### शिविर में 73 लोगों ने किया रक्तदान

रानियां। श्री दुर्गा कीर्तन मंदिर कमेटी एवं हरियाणा युवा व्यापार मंडल रानियां इकाई के संयुक्त तत्वाधान में साध्वी भुवनेश्वरी देवी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 73 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया।

### दस लाख की ठगी मामले में आरोपी काबू

सिरसा। पुलिस ने दस लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में कार्रवाई करते हुए एक ठग को उत्तर प्रदेश के आगरा जिला से गिरफ्तार किया है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में देवेंद्र सिंह निवासी सिरसा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## क्रेसण्ट स्कूल में विद्यार्थियों ने राखी के महत्व को किया उजागर

# प्रेम, भाईचारे एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया रक्षाबंधन का उत्सव

■ राखी मेकिंग एवं थैंक यू कार्ड बनाने की प्रतियोगिताएं का भी किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में राखी बांधते हुए छात्रा।


फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में राखी बांधते हुए छात्रा।

क्रेसण्ट स्कूल में भाई-बहन के स्नेह, विश्वास एवं रक्षा के वचन का प्रतीक रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व को उजागर करते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रुद्राक्ष एवं युवराज के मंच संचालन में अरमान, सिया एवं अंश द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक विचारों से हुई, जिसमें उन्होंने भाई-बहन के रिश्ते को सुंदर शब्दों में परिभाषित किया। छात्र उत्कर्ष एवं कुश ने अपनी मधुर कविता 'हर सावन में आती राखी, बहनों से मिलवाती राखी' से सभी को भावुक कर दिया। मनन एवं कंगना ने व्याख्यान के माध्यम से रक्षाबंधन के सामाजिक, पारिवारिक और सांस्कृतिक महत्व को बड़े प्रभावशाली ढंग से उजागर किया वहीं छात्र हर्यश ने अपने रोचक सामान्य ज्ञान प्रश्नों से विद्यार्थियों को और भी ज्ञानवर्धक बना दिया।

कक्षा चार के विद्यार्थियों ने भावपूर्ण गीत 'उसे समझो ना रेशम की डोर भैया, मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया' तथा कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने 'ओ बहना मेरी तू हँसती रहे' पर नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रक्षा बंधन के इस अवसर पर राखी मेकिंग एवं थैंक यू कार्ड बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ भाग लिया। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने अपने उद्बोधन में भाई-बहन के इस पावन रिश्ते की विशेषता को रेखांकित करते हुए सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में भावनात्मक विकास, सृजनात्मकता और सामाजिक सरोकारों की भावना जागृत होती है।

### गांधी विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

फतेहाबाद। सेक्टर 12 स्थित गाँधी विद्या मंदिर स्कूल में भाई-बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों ने आकर्षक और सुंदर राखियाँ बनाई। साथ ही साथ थाली सजाओ तथा कलश सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमे विभिन विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। दिव्यांशी, गोमिनी, यशिका, आरवी, उर्वशी, महक, मुस्कान, काव्या, वंशिका, एशदीप, दीक्षा, परनीत, अनाया, अरुणा, जानवी, रितिका, हिमांशी, जैस्मिन, स्नेहा, डोलसी, पूर्वा, नैतिक, गौरव, वंशिका, हर्ष, मानवी, पारुल, अंशु, अक्षिता, अरमान, साहिबनूर, प्रोमिला ने प्रथ, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में प्रिंसिपल सुशील शर्मा और वाईस प्रिंसिपल मोनिका शर्मा ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया व बच्चों और अध्यापकों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।


फतेहाबाद। पूर्ण सोसायटी के सदस्यों को सम्मानित करते सेवा भारती के पदाधिकारी।

### पूर्ण सोसायटी ने स्कूली बच्चों में निखारी रचनात्मक प्रतिभा

फतेहाबाद। सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी ने शिक्षा जागरुकता अभियान के तहत सेवा भारती स्कूल, हंस कॉलोनी में बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा निखारने व उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। पूर्ण सोसायटी के प्रेजिडेंट सन्नी बंसल के दिशा निर्देशानुसार तथा फतेहाबाद युनिट की प्रेजिडेंट पायल चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में चौथी व 5वीं कक्षा के करीब 30 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया और सुंदर व आकर्षक राखियां बनाकर प्रदर्शनी लगाई। राखियां बनाने में पायल चक्रवर्ती ने भी बच्चों की खूब सहायता की तथा उन्हें मोटिवेट किया। इस अवसर दोनों कक्षाओं से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर बच्चों का चयन किया गया तथा उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पहला स्थान नैना और आरती ने दूसरा स्थान वर्षा व शशी ने तथा तीसरा स्थान पूजा कोमल व भावना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा भारती संस्था के जिला संरक्षक हीरा लाल गुप्ता, जिला सचिव नरेश बंसल, नगर मंडल अध्यक्ष मदन लाल गोपाल, नगर कोषाध्यक्ष रमन आहुजा ने पूर्ण सोसायटी के प्रयासों की भूरि भूरि सराहना की तथा स्मृति चिन्ह देकर पूर्ण सोसायटी की टीम को सम्मानित किया।

### राखी बनाओ प्रतियोगिता में अनन्या ने मारी बाजी

सिरसा। न्यू विकास सीनियर सैकेंडरी स्कूल चामल में भाई. बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें लड़कियों के साथ-साथ लडक़ों ने भी बढ़ चढकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कलां, कल्पना और संस्कारों का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए अपने हाथों से सुंदर सुंदर राखियां बनाई रंग-बिरंगी, पारंपरिक, पर्यावरण अनुकूल और आर्कषक राखियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। जिसमें अनन्या बेनीवाल प्रथम, वंशिका बेनीवाल द्वितीय व नवजोत सोनीका, अंशिका, राजबीर, तानिया तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य रजनी अरोड़ा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया हुआ कि हम चीन निर्मित राखियों का बहिष्कार करेंगे। हम सभी केवल स्वदेशी और स्वनिर्मित राखियों का ही उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि सभी राखियां विद्यार्थियों ने स्वयं बनाई है।

## निहारिका-महक ने बनाई सबसे सुंदर राखी

■ बीएड कॉलेज में रक्षाबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में राखियां बनाती छात्राएं।

मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर में आज कॉलेज में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें तरह-तरह की राखियां बनानी सिखाई गई। असिस्टेंट प्रोफेसर अमनप्रीत कौर द्वारा राखी बनाओ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को कई प्रकार के राखियां बनाने सिखाई गई व विद्यार्थियों ने तरह-तरह की राखियां बनाई। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आयोजित राखी बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया, जिसमें बहनों ने अपने भाइयों के लिए सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। यह प्रतियोगिता फाइन आर्ट क्लब की ओर से करवाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निहारिका व महक ने हासिल किया, द्वितीय स्थान कुमकुम व निशा ने तथा तृतीय स्थान कोमल ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुनीता तलवाड़ तथा रेखा ने निभाई। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ गुंजन बजाज ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को राखी के अवसर की बधाई दी और कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार हमें याद दिलाता है कि चाहे दूरियां हों या समय की दूरी, भाई-बहन के बीच का प्यार कभी कम नहीं होता। यह बंधन हर मुसीबत में साथ निभाने का वादा है।

## छात्राओं ने बस ड्राइवरों को बांधी राखी

■ डीएवी पुलिस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में रक्षाबंधन पर छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियां।

पुलिस लाईन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय में आज राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने घर में बेकार पड़ी सामग्री का प्रयोग करते हुए सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियों की सराहना की और बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर बच्चे में अलग प्रतिभा होती है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की उस प्रतिभा को निखारने में कारगर साबित होते हैं। इसके अलावा बच्चों द्वारा आज विद्यालय के प्रधानाचार्या अमिता सिंह के अलावा बस ड्राइवरों को भी राखी बांधी। प्रधानाचार्या ने कहा कि रक्षाबंधन भाई और बहन के बीच साझा किए जाने वाले बिना शर्त प्यार का प्रतीक है। उनके बीच का बंधन प्यार, स्नेह और देखभाल से पोषित होता है। रक्षा बंधन का दिन सभी के लिए एक साथ मिलकर जश्न मनाने का दिन है। ऐसे त्योहारों का जश्न सभी को एक साथ इकट्ठा होने और खुशियां साझा करने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है।

## नशीली दवा मिलने पर मेडिकल स्टोर सील

■ 52 हजार 150 गोलियां बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा


सिरसा। मेडिकल स्टोर जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने मेडिकल नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक मेडिकल स्टोर को सील कर भारी मात्रा में नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। एएनसी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कीर्तिनगर क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर पर नशीली गोलियां बेची जा रही है। पुलिस टीम ने औषधि विभाग से संपर्क किया और ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार के साथ मेडिकल स्टोर पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने इस दौरान मेडिकल से करीब 52 हजार 150 गोलियां बरामद की जो कि नशे में प्रयोग की जाती है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूछताछ में मेडिकल संचालक किसी भी दवा का वैध बिल प्रस्तुत नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है और नियमानुसार मेडिकल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मेडिकल की आड़ में नशीली दवा बेचने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा। इसके अलावा पुलिस ने डबवाली क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को हेरोइन चिट्टा सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हरमेल सिंह व इकबाल सिंह निवासी घुकांवाली के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी डबवाली सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना औढ़ा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई ।

### अधिकार से सुरक्षा' विषय पर लगाया शिविर

फतेहाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के आदेशानुसार विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर 'सम्मान से जीवन-अधिकार से रक्षा' विषय पर एक दिवसीय शिविर तथा चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन सद्गुरु कृपा अपना घर (वृद्ध आश्रम) फतेहाबाद में किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि बुजुर्गों के सम्मान व उनकी सुरक्षा के लिए 8 अगस्त से 28 अगस्त तक फतेहाबाद जिले के विभिन्न गांव में सम्मान से जीवन अधिकार से रक्षा विषय पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बुजुर्गों के सम्मान व सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## तिरंगा प्रश्नोतरी स्पर्धा में मुस्कान प्रथम

■ राजकीय महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के तहत किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां


भट्टूकलां। तिरंगा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भाग लेते राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय, भट्टूकलां में शुक्रवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एक तिरंगा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में तिरंगे के इतिहास व सम्मान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष सिहाग ने विद्यार्थियों को तिरंगे के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है तथा हमें सदैव इसके सम्मान के लिए तत्पर रहना चाहिए। तिरंगा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अनसुइया व रवीना ने द्वितीय स्थान तथा फाइनल वर्ष की छात्रा दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रश्नोत्तरी का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा इसका आयोजन एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट दीपक सिहाग, कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस विजय वीर गोदारा व अमित कुमार ने किया।

## गंदे पानी की निकासी को लेकर गांव खाई के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

■ समस्या हल न होने पर दी धरने की चेतावनी

रतिया। खंड के गांव खाई में गंदे पानी की निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। इसी मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने आज खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 5-6 वर्षों पहले जो भूमिगत पाइपलाइन डाली गई थी, वह अब जर्जर हो चुकी है और उसकी चौड़ाई भी काफी कम है, जिससे निकासी बाधित हो रही है और गांव में गंदगी व बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर पहले भी प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रतिया से भी मुलाकात की गई थी, जिन्होंने समाधान का आश्वासन दिया था। जब बीडीपीओ को ज्ञापन सौंपा गया तो गांव के मौजीज लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे गांव स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन में मांग की गई है कि गांव में नई और पर्याप्त चौड़ाई की भूमिगत पाइपलाइन डाली जाए, जिससे पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और ग्रामीणों को राहत मिले।

**विरोध** जनतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए माकपा ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

# सरकार के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोग, गंभीर परिणाम निकलेंगे : माकपा नेता

धरने की अध्यक्षता विष्णु दत्त ने तथा संचालन शाहनवाज एडवोकेट ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते माकपा नेता।

देश का चुनाव आयोग स्वतन्त्र और निष्पक्ष काम करने की बजाय भाजपा के साम्प्रदायिक एजेंडे पर काम कर रहा है। अगर चुनाव आयोग की निरंकुश कार्यप्रणाली पर रोक नहीं लगाई गई तो जनतंत्र के लिए गम्भीर परिणाम निकलेंगे। ये आरोप माकपा नेता रामकुमार बहबलपुरिया ने जनतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए माकपा के राष्ट्रीय आह्वान पर उपायुक्त कार्यालय फतेहाबाद पर धरना/प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। धरने की अध्यक्षता विष्णु दत्त शर्मा ने की तथा संचालन शाहनवाज एडवोकेट ने किया।

### गरीब मजदूरों को प्रताड़ित किया जा रहा

धरने को संबोधित करते हुए माकपा नेता रामकुमार बहबलपुरिया ने कहा कि मौजूदा समय में देश अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार संविधान एवं संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने की कुचेष्टा कर रही है। चुनाव आयोग सहित तमाम स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं निष्पक्ष तरीके से काम करने की बजाय भाजपा के मंसूबों को पूरा करने के लिए काम कर रही है, जिसके कारण देश के संविधान और संवैधानिक अधिकारों को गम्भीर चुनौती मिल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के मंसूबों को पूरा करने के लिए काम कर रहा है जो कि जनतंत्र के लिए गम्भीर चुनौती है। इसके गंभीर परिणाम निकलेंगे। चुनाव आयोग जनतंत्र को मजबूत करने की बजाय मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर अनेक तरह की शर्तें लगाकर नागरिकता साबित करने के दस्तावेज मांग कर नागरिकों को मतदाता सूची से ही बाहर कर रहा है। बांग्लादेशी भाषा बोलने वाले प्रवासी मजदूरों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, दलितों एवं गरीब मजदूरों को प्रमाण पत्र दिखाने सहित अनेकों तरह की तुगलकी फरमान जारी करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है और उन्हें नागरिकता से वंचित किया जा रहा है।

कांग्रेस व आप ने शिकायत में चिल्ली झील पर खर्च की व जलभराव की जांच करवाने की मांग की थी

# चिल्ली झील के सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों का हुआ गोलमाल, आयुक्त ने डीसी को लिखा पत्र, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहर की ऐतिहासिक चिल्ली झील के सौंदर्यकरण के नाम पर खर्च किए गए 8 करोड़ रुपये के मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के फतेहाबाद दौरे के बाद इस खर्च पर सवाल उठने लगे हैं। सौंदर्यकरण में करोड़ों के गोलमाल की शिकायत पर हिसार मंडल आयुक्त ने भी अब संज्ञान लिया है।

मंडल आयुक्त ने इस बारे उपायुक्त को पत्र लिखकर इस मामले में तुरंत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसको लेकर आम आदमी पार्टी, हरियाणा यूथ विंग के प्रदेश सहसचिव राधेश्याम सोनी द्वारा आयुक्त कार्यालय को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत में चिल्ली झील पर खर्च हुए 8 करोड़ के फंड एवं जलभराव समस्या की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की गई है। कमीश्नर को भेजी शिकायत में राधेश्याम सोनी ने कहा है कि फतेहाबाद की चिल्ली झील के नाम पर सरकार द्वारा 13 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई, जिसमें से 8 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन यदि स्थल पर जाकर देखा जाए तो, इतनी भारी धनराशि के अनुरूप कोई विकास कार्य या झील का स्वरूप दृष्टिगोचर नहीं होता। जलभराव कमेटी के निरीक्षण के दौरान हरियाणा विधानसभा की पब्लिक हेल्थ, इरिगेशन, बिजली एवं पीडब्ल्यूडी संबंधी मामलों की सबजेक्ट कमेटी के चेयरमैन व डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा द्वारा स्वयं भी यह स्वीकार किया गया कि उपलब्ध धन का विवेकपूर्ण और प्रभावी उपयोग नहीं हुआ। उनके अनुसार इतने रुपये में तो 20-25 एकड़ ज़मीन लेकर विशाल झील बनाई जा सकती थी, जिससे शहर की जल समस्या भी हल होती। आप नेता राधेश्याम सोनी ने कहा कि यहां पाइपलाइन प्रोजेक्ट भी संदेह के घेरे में है, क्योंकि गत वर्ष बाढ़ के समय इन पाइपों से शहर में उल्टा पानी वापस आ गया था, जिससे शहरवासियों को भारी परेशानी हुई। इस बात से साफ है कि सरकार द्वारा भेजे गए फंड का आमजन को कोई सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा है।


फतेहाबाद। गंदगी से अटी चिल्ली झील। फोटो : हरिभूमि

### विस डिप्टी स्पीकर के सामने उठाया था मामला

बता दें कि पिछले दिनों फतेहाबाद दौरे के आए 12 विधायकों वाली विधानसभा की सब्जेक्ट कमेटी के मुखिया डॉ. कृष्ण मिढा ने भी चिल्ली का निरीक्षण किया था और चिल्ली की दुर्दशा देखकर दंग रह गए। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व नगरपरिषद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने मिढा के समक्ष चिल्ली के सौंदर्यकरण के नाम पर 8 करोड़ रुपये गोलमाल होने का अंदेशा जताया था। दर्शन नागपाल ने बताया कि उनके कार्यकाल में नगरपरिषद ने पब्लिक हैल्थ को चिल्ली के विकास के लिए 8 करोड़ की ग्रांट दी थी। मिढ़ा ने पूरी बात ध्यान से सुनी और कहा कि उन्हें नहीं लगता कि यहां एक रुपये भी सही खर्च हुआ हो। इससे पूर्व यहां चिल्ली संघर्ष समिति, पार्षद व अनेक जनप्रतिनिधि चिल्ली पर होने वाले खर्च पर सवाल उठा चुके हैं। बड़ी बात यह है कि चिल्ली बरसाती झील है। सारा बरसात का पानी इसमें जाता था। अब दलदल होने के चलते यहां से पानी की निकासी नहीं हो पाती और शहरों में जलभराव रहता है।

### आप नेता ने रखी जांच की मांग

आप नेता ने मांग की है कि चिल्ली झील प्रोजेक्ट की उच्च स्तरीय एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। यहां खर्च की गई राशि का ब्योरा एवं गुणवत्ता की जांच सार्वजनिक की जाए। दोषियों के विरुद्ध कानूनन कड़ी कार्रवाई की जाए। आगे की योजनाओं में स्थायी समाधान जैसे वास्तविक झील पर प्राथमिकता दी जाए।

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने शुरू करवाया नया ट्यूबवेल बोर

सिरसा। वार्ड नंबर 18 के पार्षद राजेंद्र सरदाना ने इंद्रपुरी मोहल्ला की जरूरत को देखते हुए ट्यूबवेल का नया बोर शुरू करवाया। उल्लेखनीय है कि इस मोहल्ले में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई थी, जिसे देखते हुए पार्षद ने तत्परता दिखाई और काम शुरू कराया। सरदाना ने इस कार्य में सहयोग देने के लिए विधायक गोकुल सेतिया, डिप्टी कमिश्नर, एसडीओ और एक्सईएन का आभार जताया।

### सॉफ्टबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

सिरसा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरोखां के प्रधानाचार्य वेद रोज ने बताया है कि स्कूल की लड़कियों का सॉफ्ट बॉल टीम अंडर 14, लडक़ों का सॉफ्ट बॉल की टीम अंडर 14, हैंडबॉल की लडक़ों की टीम का अंडर 14 व छात्रा दिव्यम कंबोज का कुश्ती, छात्र हार्दिक का एयर पिस्टल, बैडमिंटन में छात्र आयुष कंबोज, आकाशदीप कंबोज का राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। उन्होंने शारीरिक शिक्षा शिक्षक देव कंबोज, ज्योति प्रीत के अथक प्रयासों की सराहना की। स्कूल स्टाफ ने शुक्रवार को इन खिलाडिय़ों का स्कूल में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों से स्वागत किया।

### भूमिशा शर्मा ने जोनल बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण

सिरसा। दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा भूमिशा शर्मा ने सीबीएसई जोनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय जिले और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता बीती 1 अगस्त से 4 अगस्त तक आरबीएसएम पब्लिक स्कूल, भोंडसी में आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### सत्य मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगी दिव्य कथा

सिरसा। स्वामी प्रेम प्रकाशानंद ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आगामी 5 सितंबर से 11 सितंबर तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन के लिए लोगों को आमंत्रण देने का सिलसिला जारी है। स्वामी प्रेम प्रकाशानंद ने शुक्रवार को अध्यक्ष, एससी बोर्ड हरियाणा डॉ. रविंद्र बलियाला को कथा में आने का निमंत्रण दिया।

### सामाजिक कुरीति को त्यागने का संकल्प लें

सिरसा। कांग्रेस की महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा फौगाट ने रक्षाबंधन पर्व की सभी जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए उन सभी भाइयों से रक्षाबंधन पर नशे जैसी भयंकर सामाजिक कुरीति को त्यागने की अपील की है। कृष्णा फौगाट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भाई बहन के प्रेम और भरोसे के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर उन सभी बहनों को अपने भाईयों से रक्षा के साथ-साथ ये संकल्प भी लेना चाहिए कि परिवारों को बर्बाद करने वाले नशे जैसी सामाजिक बुराई से वे सदैव अपना नाता तोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सिरसा जैसे शांतिमय जिले में नशे जैसी बुराई का पदार्पण निश्चित तौर पर सभी के लिए चिंतनीय है। इसे मिलकर खत्म करें।

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किसानों का प्रदर्शन

# जलभराव से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सरकार करे पुख्ता प्रबंध : नथवान

प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसडीएम फतेहाबाद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सैंकड़ों किसान आज फतेहाबाद में सरकार के खिलाफ सडक़ों पर उतरे और जमकर नारेबाजी की। किसान नई सब्जी में एकत्रित हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय मजदूर किसान मंच से धीरज गाबा और पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति से ओमप्रकाश हसंगा ने संयुक्त रूप से किया वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसडीएम फतेहाबाद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की।

किसानों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इन मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर के किसान किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक सितम्बर को मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। आज के प्रदर्शन में सेम व जलभराव से पीड़ित गांव रामसरा, ढाबी कलां, खाबड़ा कलां, खाबड़ा खुर्द सहित अनेक गांवों के किसानों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर किसान नेता रविन्द्र हिजरावां, कमल बराड़, महेंद्र मोची, राम मेहर, लवी बाठ, अमन बाठ, सुखदीप रंधावा, लाभ सिंह, मनजीत पूर्णमाजरा, गग्गी चहल, मलकीत उप्पल ने भी संबोधित किया।



फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान। व प्रदर्शन के बाद एसडीएम को मांग पत्र सौंपते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### कृषि विरोधी नीतियों से किसान परेशान

प्रदर्शन से पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए मनदीप नथवान ने कहा कि आज हरियाणा के किसान सरकार की कृषि विरोधी नीतियों के कारण परेशान है। खाद वितरण में रकार पोर्टल लागू करने जा रही है, जिसे तुरंत रद्द किया जाए। खाद की कमी को दूर कर खाद वितरण प्रणाली में सुधार हो। कॉपरेटिव सोसायटी के माध्यम से खाद वितरित की जाए। नए बने सीड एवं पेस्टीसाइड एक्ट लागू हो ताकि नकली खाद, बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा में धान की रोपाई 15 जून से शुरू हो जाती है और 90 दिन में फसल पककर तैयार हो जाती हैं। ऐसे में सरकार धान की खरीद 15 सितम्बर से शुरू करे। धान खरीद के दौरान नमी के नाम पर कट लगाकर किसानों को लूटने पर रोक लगाई जाए। नहरों में पानी की दो सप्ताह सप्लाई व एक सप्ताह बंदी वाला शेड्यूल लागू किया जाए। जलभराव से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए प्रदेश में नदी-नालों की सफाई, नदियों पर बांध और जहां नदी-नाला दूर है, वहां ड्रेन और पाइप लाइन की व्यवस्था हो।


सिरसा। मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करते किसान।

## हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे के आह्वान पर किसानों ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे के आह्वान पर किसानों ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान एकता बीकेई व पगड़ी संभाल जट्टा (किसान संघर्ष समिति) की ओर से किसान शहीद भगत सिंह स्टेडियम, बरनाला रोड में इक्_ हुए और किसानों, सैनिकों, पहलवानों की आवाज पूर्व गवर्नर स्वर्गीय सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। बीकई प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि उपयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें भारी बरसात से हुए जल भराव, फसलों की खराबे की स्पेशल गिरदावरी करवा कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, किसानों को समय पर यूरिया व डीएपी खाद की उपलब्धता, नकली खाद, बीज, बायोफर्टिलाइजर पर नकेल कसने के लिए तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया एक्ट लागू किया जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार किया जाए, किसानों का बैंक खातों से जबरन बीमा प्रीमियम काटना बंद किया जाए, बकाया बीमा क्लेम जारी किया जाए, नहरों में दो सप्ताह पानी की सप्लाई और एक सप्ताह बंदी वाला पुराना शेड्यूल बहाल किया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पगड़ी संभाल जटा से मनदीप सिंह नथवान, बीकेई महासचिव अंग्रेज सिंह कोटली, मंगत राम हरियाणा प्रधान, रणजीत सिंह, मुकेश चाहरवाला, गुरपिंदर काहलों, गुरजीत मान, सुभाष झोरड़, नत्था सिंह, गुरप्रीत संधू, सुनील नैन, हंसराज पचार, गुरलाल सिंह भंगू, महावीर गोदारा, पूर्व सरपंच नछत्तर सिंह, गुरमीत सिंह गिल, हनुमान न्योल, मान सिंह, निर्मल सिंह थिराज सहित सैकड़ों किसानों, मजदूरों ने शिरकत की।

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने विमला सिंवर को दिया शक्ति अवार्ड


सिरसा। शक्ति अवार्ड से सम्मानित विमला सिंवर।

सिरसा। नमो ड्रोन दीदी अवार्ड से सम्मानित विमला सिंवर को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित किया। विमला सिंवर ने इस अवार्ड का श्रेय न्यूज एक्स और राज्यसभा सांसद कार्तिक शर्मा व उनकी धर्मपत्नी ऐश्वर्या शर्मा को दिया। विमला सिंवर ने बताया कि उन्होंने ड्रोन से 3.50 लाख की आय ली, जिससे रोजगार में फायदा मिला। इसके अलावा सरकार की ओर से महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका लाभ महिलाएं उठाकर अपने भविष्य को सुनहरा बना सकती है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति में टेलेंट की कमी नहीं है, जरूरत है उसे सही दिशा व प्रोत्साहन की, जिससे वह मुश्किल से मुश्किल मंजिल को भी पा सकती है। सिंवर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिला शक्ति को प्रोत्साहित करते हैं और वह और अधिक मेहनत से कार्य कर अपने देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकती है। उन्होंने महिला शक्ति से आह्वान किया कि काम कोई भी छोटा-बड़ा नहीं होता, हमारी सोच ही छोटी होती है। अगर हम सोच बड़ी रखेंगे तो बड़े से बड़े काम को आसानी से कर सकते हैं।

## खुद को सीबीआई व ईडी का अधिकारी बताकर फोन करने वालों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिलावासियों से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध संदेश या ऑनलाइन माध्यम से की जा रही पैसों की मांग के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि हाल के समय में साइबर ठग नए-नए तरीकों से भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इनमें एक सामान्य तरीका यह है कि अपराधी खुद को सीबीआई, ईडी , पुलिस, कस्टम या अन्य किसी सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर फोन करते हैं और किसी अपराध या केस में नाम आने का झांसा देकर डराते हैं। इसके बाद वे लोगों से पैसों की मांग करते हैं, जिसे वे 'जांच में सहयोग', 'वारंट रद्द कराने' या राशि को फ्रीज कराने में सहायता कर सकती है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और तकनीकी रूप से कम जानकार लोगों को इस प्रकार की ठगी से अवगत कराएं।


फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।

एसपी ने नागरिकों को सलाह दी कि यदि उन्हें इस प्रकार की कोई भी कॉल प्राप्त हो तो वे बिल्कुल न घबराएं और न ही किसी के कहने पर पैसे ट्रांसफर करें। ऐसा कोई भी संदेहास्पद कॉल आने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या अपने नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। समय रहते सूचना देने से पुलिस ऐसे मामलों में आवश्यक कार्रवाई कर सकती है और ठगी की गई

### साइबर ठगों से सावधान रहें शहरवासी : एसपी

एसपी ने स्पष्ट किया कि कोई भी वास्तविक सरकारी अधिकारी, चाहे वह सीबीआई, ईडी या पुलिस से हो, फोन पर इस प्रकार की पैसों की मांग नहीं करता और न ही किसी को गिरफ्तारी की धमकी देता है। यह एक सुनियोजित साइबर ठगी का तरीका है, जिसमें ठग तकनीकी साधनों का उपयोग कर पीड़ित को विश्वास में लेने की कोशिश करते हैं। कई मामलों में वे फर्जी गिरफ्तारी वारंट, पहचान पत्र, दस्तावेज आदि भेजकर भय का माहौल बनाते हैं और मानसिक दबाव में डालकर पीड़ित से पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं।

### डीएवी स्कूल नागपुर की यशिका ने ताइक्वांडो में जीता सिल्वर मेडल

रतिया। सिरसा के शाह सतनाम जी स्टेडियत में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया गेम्स में फतेहाबाद के गांव नागपुर स्थित डीएवी स्कूल की खिलाड़ी यशिका नरूला ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। जीत के बाद आज विद्यालय पहुंची विजेता खिलाड़ी का स्कूल प्रिंसीपल रंजू मेहता व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। प्रिंसीपल रंजू मेहता ने बताया कि भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। डीएवी स्कूल नागपुर की कक्षा नौंवी की खिलाड़ी यशिका नरुला सुपुत्री संदीप नरुला ने भी शाह सतनाम जी स्टेडियम में आयोजित अस्मिता खेलों इंडिया गेम्स में ताइक्वांडो में अपने आयुवर्ग में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी यशिका ताइक्वांडो में विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर स्कूल ही नहीं जिले का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर प्रिंसीपल रंजू मेहता व डायरेक्टर राकेश मेहता ने यशिका को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशीर्वाद दिया कि वह हमेशा इसी तरह गांव का नाम रोशन करें।


रतिया। डीएवी स्कूल नागपुर की खिलाड़ी यशिका को सम्मानित करते हुए।

### स्वतंत्रता दिवस तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने ली समीक्षा बैठक


फतेहाबाद। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेती उपायुक्त मनदीप कौर।

फतेहाबाद। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन में 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदर्शित होने वाले कार्यक्रम देश भक्ति से ओतप्रोत होने चाहिए। स्वतंत्रता दिवस के दिन जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वे सुबह 8.58 बजे राष्ट्रगान की धुन के साथ ध्वजारोहण करेंगे। इसके उपरांत परेड, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। परेड में पुलिस के अलावा एनसीसी, होमगार्ड व छात्राओं की टुकड़ियों भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को पुलिस लाइन में फुल ड्रेस में फाइनल रिर्हसल की जाएगी।

### नरेंद्र जांगड़ा ने की जेजेपी ज्वाइन

फतेहाबाद।जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इंडियन स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन के राज्य संयुक्त सचिव नरेंद्र जांगड़ा उर्फ गोलू ने इनेलो को छोड़ कर जननायक जनता पार्टी का दमन थामा। फतेहाबाद में जननायक जनता पार्टी का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले कई दिनों से जननायक जनता पार्टी में बहुत से नए सदस्यो ने कांग्रेस, इनलो जैसी अनेक पार्टियों को छोडकर जेजेपी का दामन थामा है, जिससे जननायक जनता पार्टी मजबूती की ओर बढ़ती जा रही है। नरेंद्र जांगड़ा उर्फ गोलू ने आज जननायक जनता पार्टी में शामिल होने की अपनी आस्था व्यक्त की जिस पर दिग्विजय चौटाला ने यह विश्वास दिलाया कि नरेंद्र जांगड़ा उर्फ गोलू को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। इस मौके पर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सूची में रखे गए 58 मामलों के अलावा करीब 15 अन्य मामलों को भी सुना

# चेयरमैन बलियाला ने एससी-एसटी एक्ट से संबंधित शिकायतें सुनीं

- शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर केस की रिपोर्ट आयोग को भेजने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

स्थानीय पंचायत भवन में हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला ने शुक्रवार को एससी-एसटी एक्ट से संबंधित केसों की जन सुनवाई की गई। बैठक के दौरान आयोग के समक्ष अनुसूचित जाति से जुड़े 58 से अधिक मामलों की समीक्षा की और कई मामलों में परिवादी द्वारा संतुष्ट न जाहिर करने पर आयोग ने रिपोर्ट मांगी। सूची में रखे गए 58 मामलों के अलावा करीब 15 अन्य मामलों को भी आयोग ने सुना और समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान आयोग ने विभिन्न थानों में अनुसूचित जाति अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए मौके पर ही अधिकारियों से केस के संबंध में बारीकी से जानकारी जुटाई। आयोग ने थाना सिविल लाइन में दर्ज एक केस के मामले में शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर केस की रिपोर्ट आयोग को भेजने के निर्देश दिए। इसी तरह रानियां थाना में दर्ज मुकदमे में पुलिस कार्रवाई से संबंधित पूरी रिपोर्ट 15 दिन में कमीशन को भेजने के निर्देश दिए। इसी तरह थाना सिरसा में दर्ज मारपीट संबंधी मामले में शिकायतकर्ता द्वारा पक्ष रखने के बाद आयोग ने पुलिस की रिपोर्ट मांगी। इस दौरान आयोग के उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा डा. मयंक गुप्ता, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टांर, जिला परिषद के सीईओ डा. सुभाष चंद्र, आयोग के उपाध्यक्ष विरेंद्र बडग़ुर्जर, सदस्य रतनलाल बामणिया तथा रवि कुरुक्षेत्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड, जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


सिरसा। बैठक में शिकायतें सुनते चेयरमैन डा. रविंद्र बलियाला। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन का पूरा सहयोग मिला

आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि आयोग ने आज जनसुनवाई में प्राप्त विभिन्न केसों की समीक्षा की है। जिसमें जिला व पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग का गठन का लक्ष्य अनुसूचित जाति-जनजाति के अधिकारों की रक्षा करने का है। सिरसा में जनसुनवाई के दौरान सभी मामलों का बारीकी से एग्जामिन किया गया है। कुछ मामलों में अधिकारियों से रिपोर्ट मांग ली गई है। अधिकारियों से कहा गया है कि जिन मामलों में रिपोर्ट मांगी गई है, उनकी रिपोर्ट कार्यवाही के बाद समय पर भेजें। वहीं आयोग के उपाध्यक्ष विरेंद्र बडगुर्जर ने कहा कि आयोग हर मामले की बारीकी से सुनवाई करता है और हर पक्ष को न्याय मिले, इसलिए मामलों में दोनों पक्षों को सुना जाता है।